चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा/डी0आर0/8542
दिनांक : 05.02.2024
06

विज्ञप्ति

प्रायः देखा गया है कि कुछ महाविद्यालय छात्रों के आधे–अधूरे आवेदन 'अग्रसारित' अथवा 'Forwarded' लिखकर छात्रों को विश्वविद्यालय भेज देते हैं इससे न केवल दूर–दराज के छात्रों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है बल्कि आवेदन पर पूर्ण वस्तु–स्थिति वर्णित न होने के कारण छात्रों का कार्य किया जाना भी सम्भव नहीं होता है। इसलिए समस्त महाविद्यालय प्राचार्यों/विभागाध्यक्षों से अनुरोध है कि ऐसे छात्र जो अपने परीक्षा फार्म में अंकित विषयों में परिवर्तन/संशोधन कराना चाहते हैं अथवा कोई अन्य कार्य कराना चाहते हैं, उनके बारे में महाविद्यालय अपने लेटर हैड पर आत्म व्याख्यात्मक (Self Explanatory) पत्र प्रेषित करें ताकि विश्वविद्यालय द्वारा यथोचित कार्यवाही की जा सके।

पुनः स्पष्ट किया जाता है कि महाविद्यालय के लेटर हैड पर प्राप्त न होने वाले आवेदनों पर कोई कार्यवाही नहीं की जायेगी।

5.2.2024

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

01. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
02. समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
03. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
04. विश्वविद्यालय पूछताछ केन्द्र।
05. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।
06. गार्डफाइल।

05/02

उप कुलसचिव (परीक्षा)